दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 10／06／2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बहत्तर मंत्रियों को शपथ दिलाई।

02. केन्द्रीय मंत्रिमंडल में बिहार से आठ मंत्री शामिल। जीतनराम मांझी, ललन सिंह, गिरिराज सिंह, और चिराग पासवान ने कैबिनेट मंत्री के रूप में ली शपथ।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – भारत उनके तीसरे कार्यकाल में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करना जारी रखेगा।

04. और, प्रदेश के अधिकांश हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छियालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। कल शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री मोदी और नई मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

–––बाईट–––

समारोह में नरेन्द्र मोदी मंत्रिपरिषद में शामिल किये गये तीस कैबिनेट मंत्री, पांच राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और छत्तीस राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

नवगठित केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक आज शाम को होने की संभावना है।

---

केन्द्रीय मंत्रिमंडल में बिहार से आठ मंत्री शामिल किये गए हैं। इनमें चार कैबिनेट और चार राज्य मंत्री हैं। मंत्रिमंडल में भाजपा के चार, जदयू के दो और हम तथा लोजपा–रामविलास के एक–एक सांसद को जगह दी गयी है। केन्द्रीय मंत्रियों के

तौर पर गया से सांसद जीतनराम मांझी, मुंगेर सांसद ललन सिंह, बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह, और हाजीपुर सांसद चिराग पासवान ने शपथ ली।

————बाईट———

वहीं, उजियारपुर सांसद नित्यानंद राय, राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर और सतीशचंद्र दुबे तथा मुजफ्फरपुर के सांसद राजभूषण चौधरी ने राज्य मंत्री के तौर पर शपथ ली।

———बाईट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी है। श्री कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश विकास की नई उचाईयों पर पहुंचेगा और बिहार के विकास में भी पूरा सहयोग मिलेगा।

---

प्रदेश से कैबिनेट में शामिल होने वाले सांसदों के गृह जिलों और पार्टी कार्यालयों में समर्थकों ने ढोल—नगाड़ो और आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि जिला मुख्यालय के साथ ही विभिन्न हिस्सों में समर्थकों ने रंग—गुलाल लगाकर खुशी व्यक्त की है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनके तीसरे कार्यकाल में भी भारत हिन्द महासागर क्षेत्र की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करना जारी रखेगा। श्री मोदी ने क्षेत्र में लोगों के बीच प्रगाढ संबंध और संपर्क बढाने का आह्वान किया। उन्होंने कल रात राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के बाद भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं से भेंट के दौरान यह बात कही। प्रधानमंत्री ने इन नेताओं को धन्यवाद देते हुए पड़ोसी प्रथम नीति और सागर दृष्टिकोण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। श्री मोदी ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद करना जारी रखेगा। मॉलदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और श्रीलंका के राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघ सहित भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेताओं ने श्री मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, भूटान के प्रधानमंत्री छेरिंग तोबगे

और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ भी इस समारोह में शामिल हुए। ये नेता कल राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रात्रि भोज में भी शामिल हुए। राष्ट्रपति ने नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया न केवल देश के लोगों के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत भी है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने देश के लोगों की सेवा की जिम्मेदारी संभालने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलता की कामना की।

---

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भाग भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। पछुआ हवा के प्रभाव से लोगों को सुबह से ही उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर तापमान बयालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। इस अवधि में छियालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकत तापमान तैंतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस सीजन में पटना का यह अधिकतम तापमान है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान बांका, नालंदा और शेखपुरा सहित कई जिलों में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, राजधानी पटना, गया और नालंदा जिलों के कुछ स्थानों पर रात में भी मौसम के गर्म रहने की सम्भावना है। विभाग के अनुसार अगले पाँच दिनों तक राज्य के मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———बाईट———

इधर, राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर आज सुबह हल्की बूदां–बांदी हुयी है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि अररिया, पूर्णिया और किशनगंज जिले में हल्की बूदां–बांदी होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

---

आईआईटी में दाखिले के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा– जेईई–एडवांस का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा में दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। इधर, पटना के अनिकेत गुवाहाटी जोन में दूसरे स्थान पर रहे हैं, जबकि मुजफ्फरपुर के प्रथम कुमार ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा में बिहार से तेरह हजार पांच सौ अट्ठासी अभ्यर्थियों में से आठ सौ से अधिक

अभ्यर्थियों ने सफलात हासिल की है। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद आईआईटी और एनआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली ज्वाइंट सीट एलोकेशन सिस्टम– जोसा काउंसलिंग आज से शुरू हो रही है। काउंसलिंग अठारह जून तक जारी रहेगी।

---

आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्वकप क्रिकेट के एक रोमांचक मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को छह रन से हरा दिया। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम उन्नीस ओवर में एक सौ उन्नीस रन बनाए। इसके जवाब में एक सौ बीस रन  के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान निर्धारित बीस ओवर में सात विकेट पर एक सौ तेरह रन ही बना सका।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने देश में नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने और एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित बहत्तर मंत्रियों ने शपथ ली। बिहार से आठ मंत्री बनाए गये, छह नए चेहरे।

**दैनिक जागरण** ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– नेहरू के बाद अब मोदी की तीसरी पारी।

**दैनिक भास्कर** की प्रमुख खबर है– बिहार से केन्द्रीय मंत्रिमंडल में अनुभव और नए चेहरों, दोनों का सामंजस्य। कैबिनेट के नए चेहरों में छत्तीस साल के राममोहन तो उनासी साल के मांझी भी।

**प्रभात खबर** लिखता है– जेईई–एडवांस में गुवाहाटी जोन से पटना के अनिकेत दूसरे और मुजफ्फरपुर के प्रथम पांचवें स्थान पर। **आज** अखबार ने लिखा है– टी–ट्वेंटी वर्ल्ड कप में भारत की पाक पर रोमांचक जीत।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बहत्तर मंत्रियों को शपथ दिलाई।

02. केन्द्रीय मंत्रिमंडल में बिहार से आठ मंत्री शामिल। जीतनराम मांझी, ललन सिंह, गिरिराज सिंह, और चिराग पासवान ने कैबिनेट मंत्री के रूप में ली शपथ।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – भारत उनके तीसरे कार्यकाल में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करना जारी रखेगा।

04. और, प्रदेश के अधिकांश हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में। पिछले चौबीस घंटों के दौरान छियालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।